Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding Establishment of Customs Clearance Office in Kishangarh, Ajmer.

श्री भागीरथ चौधरी (अजमेर): अध्यक्ष महोदय, आपका बहुत-बहुत धन्वाद। मेरे संसदीय क्षेत्र अजमेर में किशनगढ़ की मार्बल की मंडी वर्ल्ड की सबसे बड़ी मंडी है। वह विश्वविख्यात मंडी है। अध्यक्ष जी, इसकी आपको भी जानकारी है। वह मार्बल और ग्रेनाइट की सबसे बड़ी मंडी है। वहां पर रेलवे का एक कंटेनर डिपो भी स्थापित है। किशनगढ़ औद्योगिक क्षेत्र से मार्बल एवं ग्रेनाइट उत्पाद का गुजरात के कांडला एवं मून्दडा बन्दरगाह से प्रतिदिन कई देशों में लगभग 40 से 50 कन्टेनर्स का आयात-निर्यात हो रहा है। इसके लिए वहां पर केन्द्रीय उत्पाद शुल्क विभाग की अति आवश्यकता है।

यहां के निर्यातकों एवं आयातकों को मजबूरीवश कस्टम क्लीयरेंस के लिए या तो जयपुर जाना पड़ता है, अन्यथा उक्त बन्दरगाहों पर जाना पड़ता है, जिससे काफी असुविधा होती है तथा उससे विलम्ब तथा अनावश्यक आर्थिक भार भी वहन करना पड़ रहा है। मैं बताना चाहूंगा कि किशनगढ़, अजमेर से गत वर्ष दिल्ली-मुम्बई रेलमार्ग पर डेडीकेटेड फ्रेट कोरिडोर (डीएफसीसी) योजना के तहत न्यू किशनगढ़ रेलवे स्टेशन का संचालन भी प्रारम्भ हो गया है।

अध्यक्ष महोदय, मेरा आपके माध्यम से मंत्री जी से आग्रह है कि किशनगढ़, अजमेर में एक नवीन कस्टम क्लीयरेंस कार्यालय की स्थापना चालू बजट सत्र 2022-23 में करवाने की स्वीकृति अनुग्रहित कराएं।